तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने 2024 का प्रस्तावित बजट प्रस्तुत किया

*2024 का बजट ट्रांज़िट और हेल्थ केयर पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ब्रैम्पटन के लिए लाभ को बढ़ाता है*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (29 नवंबर, 2023) – आज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के मेयर, पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown) ने नए प्रोविंसियल कानून, *स्ट्रॉन्ग मेयर्स, बिल्डिंग होम्स एक्ट, 2022 (Strong Mayors, Building Homes Act, 2022)* के अंतर्गत, अपने पहले मेयर्स बजट को विचार करने के लिए पेश किया। 2024 के बजट का आधिकारिक ड्राफ्ट, इसके विकास में बेहद महत्वपूर्ण कदम के तौर पर, निवासियों और कारोबारियों से फीडबैक के लिए, अब उपलब्ध (now available) है।

बिल्डिंग द ब्रैम्पटन एडवांटेज *(Building the Brampton Advantage)* पर केंद्रित, यह बजट बेहद महत्वपूर्ण निवेश पेश करता है, जो पब्लिक ट्रांज़िट, हेल्थ केयर, रेक्रिएशन, पर्यावरण, सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर और कम्युनिटी की सुरक्षा में महत्वपूर्ण निवेशों के साथ, आर्थिक वृद्धि में संतुलन कायम करने की मेयर और काउंसिल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रत्येक वर्ष, वार्षिक बजट में उन प्राथमिकताओं, लक्ष्यों और पहलकदमियों की पहचान की जाती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि सिटी, उन प्राथमिकताओं में निवेश कर रही है, जो निवासियो के लिए मायने रखती हैं। व्यापक कम्युनिटी भागीदारी और 5000 से अधिक निवासियों के साथ पूर्व-बजट टेलीफोन टाउन हॉल से प्राप्त फीडबैक, पूरी सिटी में वार्ड काउंसलर्स के साथ कॉफी और बातचीत के द्वारा बनाया गया, इस वर्ष का बजट सिटी के स्ट्रैटजिक प्लान के मुताबिक है और कम्युनिटी में रिकॉर्ड-लेवल निवेशों के लिए प्रतिबद्ध है।

पब्लिक प्रतिनिधि मंडल और काउंसिल चर्चाएं, मंगलवार, 5 दिसम्बर को शुरू होंगी।

**2024 के प्रस्तावित बजट की झलकियां**

*किफायती और सेवा श्रेष्ठता*

- 1.9% पर, सिटी, टैक्स बिल के सिटी के हिस्से में प्रस्तावित टैक्स वृद्धि प्रदान करने के योग्य है, जो सितम्बर 2023 की महंगाई की दर (3.8%) से कम है। यह वृद्धि, रीजन ऑफ पील (Region of Peel) की वृद्धि (4.5%) से आधे से भी कम है और सिटी ऑफ मिसीसागा (City of Mississauga) के (2.3%) से कम है और जी.टी.ए. (GTA) में सबसे कम है,
- 139 मिलियन डॉलर – आरक्षित संपत्तियों में अब तक का सबसे बड़ा योगदान, सिटी की बसों, सड़कों, रेक्रिएशन केंद्रों, पब्लिक जगहों और दूसरी इंफ्रास्ट्रक्चर संपत्तियों को स्थिर लेवलों पर रखने के लिए उगाही (लेवीज) को मिलाकर। इसमें से ज्यादातर पैसा, हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर को स्थिर रखने और विकसित करने पर खर्च होगा।

- 913 मिलियन डॉलर का ऑपरेटिंग बजट, 544 मिलियन डॉलर कैपिटल बजट = कुल 1.5 बिलियन डॉलर

*हेल्थ केयर*

- सिटी पहले ही, सिटी के लोकल हिस्से, 125 मिलियन डॉलर में, 74 मिलियन डॉलर (2023 सितम्बर) से अधिक आरक्षित फंड इकट्ठे कर चुकी है
- ब्रैम्पटन के लिए दूसरे अस्पताल और नए कैंसर केयर सेंटर के निर्माण में सहायता के लिए, 1% अस्पताल उगाही (लेवी) को जारी रखना
- नए मेडिकल स्कूल के लिए सहायता

*ट्रांज़िट*

- बसों की खरीद और पुनर्निमाण: 78.4 मिलियन डॉलर
- ब्रैमली रोड कॉरिडोर (Bramalea Road Corridor) पर, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट ज़ूम (Brampton Transit Zum) सेवा विस्तार: 3.8 मिलियन डॉलर
- 108,500 नई ट्रांज़िट सेवा के घंटे
- 136 नए ट्रांज़िट ऑपरेटर

*रेक्रिएशन*

- एम्बलेटन कम्युनिटी सेंटर (Embleton Community Centre) का निर्माण: 79.8 मिलियन डॉलर
- होडेन रेक्रिएशन सेंटर (Howden Recreation Centre) का निर्माण: 24.2 मिलियन डॉलर
- क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोग्रामिंग: 6 मिलियन डॉलर
- सैंचुरी गार्डन्स यूथ हब (Century Gardens Youth Hub) का निर्माण: 5.5 मिलियन डॉलर
- टेनिस, कबड्डी, पिकलबॉल, बास्केटबॉल, डॉग पार्क और प्लेग्राउंड विस्तार: 6.1 मिलियन डॉलर
- मेमोरियल एरेना एक्सपेन्शन (Memorial Arena Expansion) (निर्माण): 2.5 मिलियन डॉलर
- एफ.सी.सी.सी. (FCCC) में लॉन बॉलिंग (Lawn Bowling): 900,000 डॉलर
- सी.ए.ए. सेंटर (CAA Centre) में बास्केटबॉल कोर्ट और विस्तार: 375,000 डॉलर
- सेंट्रल पील (Central Peel) में आर्टिफिशियल टर्फ फील्ड (Artificial Turf Field): 200,000 डॉलर
- लोफर्स लेक रेक्रिएशन सेंटर (Loafer's Lake Recreation Centre) में नया, भागीदारी वाला मल्टी-सेंसरी रूम: 100,000 डॉलर

*पर्यावरण*

- रिवरवॉक फेज वन (Riverwalk Phase One) (बाढ़ से बचाव): 87.3 मिलियन डॉलर

- ड्रेनेज चैनल जांच और देखरेख प्रोग्राम: 1 मिलियन डॉलर
- भूक्षरण नियंत्रण और स्ट्रीमबैंक स्थिरीकरण: 1 मिलियन डॉलर
- ऊर्जा क्षमता प्रोग्रामों के द्वारा, ऊर्जा और निकासियों को कम करना: 215,000 डॉलर
- कम्युनिटी गार्डनों का विस्तार करना: 100,000 डॉलर
- चिंग्कूज़ी पार्क (Chinguacousy Park) संबंधी अपग्रेड: 25,000 डॉलर
- स्टॉर्मवाटर कैपिटल में सुधार: 7.9 मिलियन डॉलर

**ब्रैम्पटन की बजट विकास प्रक्रिया के बारे में**

प्रस्तावित बजट को अब सिटी की वेबसाइट (website) पर पोस्ट कर दिया गया है। यदि आपको ये दस्तावेज, किसी अन्य फॉर्मैट में चाहिएं, तो कृपया accessibility@brampton.ca पर अपना निवेदन भेजें।

पब्लिक प्रतिनिधि मंडल और काउंसिल चर्चाएं, मंगलवार, 5 दिसम्बर को शुरू होंगी और अंतिम बजट मंजूरी, 13 दिसम्बर, 2023 को होगी।

*द म्युनिसिपल एक्ट, 2001 (The Municipal Act, 2001)*, सिटी के बजट संबंधी अधिकारों और ड्यूटीज का सार देता है, जो अब मेयर को दिए जाते हैं। कानून कहता है,*"विधानों के मुताबिक, काउंसिल का मुखिया, सिटी के लिए प्रस्तावित बजट तैयार करे और सिटी काउंसिल के द्वारा विचार करने के लिए प्रस्तावित बजट सिटी को प्रदान करे।"*

काउंसिल हेतु बजट पर विचार करने के लिए 30-दिनों की अवधि शुरू हो गई है, जिसके दौरान काउंसिल, मेयर के बजट में सुधार करने के लिए प्रस्ताव ले सकती है। काउंसिल, प्रस्ताव के द्वारा 30-दिनों की अवधि को कम भी कर सकती है। 30-दिनों (या कम की हुई) अवधि समाप्त होने के बाद, यह माना जाता है कि बजट को अपना लिया गया है (यदि बजट में सुधार करने के लिए काउंसिल के कोई प्रस्ताव पास न किए गए हों)। यदि काउंसिल बजट में सुधार करने पर विचार करती है, तो मेयर के पास वीटो (रद्द करने का अधिकार) पर विचार करने के लिए 10-दिन हैं। काउंसिल के प्रस्ताव के वीटो के लिए मेयर द्वारा लिए गए किसी भी फैसले हेतु, काउंसिल के पास 15-दिन की अवधि होती है, जिसमें वह काउंसिल के सभी मेम्बरों में से दो-तिहाई मेम्बरों के वोट के द्वारा मेयर के वीटो फैसले को रद्द करने पर विचार करती है।

सिटी की वार्षिक बजट प्रक्रिया, बातचीत और भागीदारी प्रयासों के द्वारा, ब्रैम्पटन के नागरिकों को जोड़ती है, शिक्षित करती है और सूचना देती है। इन प्रयासों में शामिल हैं, टेलीफोन टाउन हॉल्स, कॉफी चैट्स, विज्ञापन, न्यूज रिलीजस, सोशल मीडिया और सिटी की बजट वेबसाइट।

इस वर्ष का बजट, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के कार्पोरेट स्ट्रैटजिक प्लान 2022-2026 (City of Brampton's Corporate Strategic Plan 2022-2026) की हिमायत करता है। यह बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज, उसे प्राथमिकता देने और प्रदान करने के लिए ढांचा प्रदान करेगा, जो कम्युनिटी के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यह एक सक्रिय प्लान होगा, जो सिटी के बजट के मास्टर प्लानों, प्रोजेक्टों, सेवाओं और संसाधनों के लिए संदर्भ तय करता है।

**अतिरिक्त संसाधन**

2024 के प्रस्तावित बजट की समीक्षा करने या झलकियों के संक्षिप्त वर्जन को पढ़ने के लिए, कृपया www.Brampton.ca/budget पर जाएं।

सिटी काउंसिल मीटिंग (City Council Meeting) में पेश होने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन (City of Brampton) | काउंसिल और कमेटियां (Council and Committees) | पब्लिक मीटिंगों में शामिल हों या इनसे जुड़ें (Attend public meetings, participate or join a committee) पर जाएं।

**हवाला**

"मुझे 2024 का बजट प्रस्तुत करते हुए बेहद खुशी हो रही है, यह एक स्ट्रैटजिक ब्लूप्रिंट है, जो ब्रैम्पटन के फायदे के निर्माण के लिए समर्पित है। यह बजट, ट्रांज़िट, हेल्थकेयर, रेक्रिएशन, कम्युनिटी की सुरक्षा, पर्यावरण और सड़कों तथा इंफ्रास्ट्रक्चर में बेहद महत्वपूर्ण निवेशों को प्राथमिकता देता है और ब्रैम्पटन के प्रत्येक निवासी के लिए एक खुशहाल और जीवंत भविष्य को सुनिश्चित करता है। मुझे यह ऐलान करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि यह बजट, आरक्षित संपत्तियों में रिकॉर्ड योगदान देता है और जी.टी.ए. में सबसे कम टैक्स वृद्धि है। आपका फीडबैक बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हम, भागीदारी वाली वृद्धि और स्थिर कम्युनिटी के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, इस बजट को अंतिम रूप दे रहे हैं। "

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ X (पहले Twitter), Facebook, LinkedIn और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca